K18U 2232

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (CBCSS – Reg./Supple./Improv.) Examination, November 2018
Common Course in Hindi
1A07-1HIN – SRUJANAATMAK SAHITYA
(2014 Admission Onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए ।

1) 'ठाकुर का कुआँ' में दलित जीवन का कैसा चित्रण हुआ है ?

2) 'आतिथ्य' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं की चर्चा कीजिए । (1×7=7)

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए ।

3) 'बादल को घिरते देखा है' कविता में हिमालय का प्रकृति चित्रण कवि ने कैसे किया है ?

4) 'प्रौढ़ शिक्षा' में कवि समाज के निम्न वर्गों को क्या उपदेश देते हैं ? (1×7=7)

III. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

5) सतगुर हम सूँ रीझि करि, एक कह्या प्रसंग ।
बरस्या बादल प्रेम का, भीजि गया सब अंग ।

6) मैया मैं नहिं माखन खायौ ।
ख्याल परै ये सखा सबै मिलि, मेरे मुख लपटायौ
देखि तुही सीके पर भाजन, ऊँचे धरि लटकायौ
हौं जु कहत नान्हे कर अपनैं मैं कैसें करि पायौ
मुख दधि पोंछि, बुद्धि इक कीन्हीं देना पीठी दुरायौ
डारि साँटी, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहि कंठ लगायौ
बाल-विनोद-मोद मन मोह्यौ, भक्ति प्रताप दिखायौ
सूरदास जसुमति कौ यह सुख, सिब बिरंचि नहिं पायौ ।। (1×3=3)

P.T.O.

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

7) योगिराज जल्द ही
विश्व पर्यटन करके लौटे वैकुंठ को ।
तेल एक बूँद भी उस पात्र से गिरा नहीं ।
उल्लास मन में भराथा यह सोचकर,
तेल का रहस्य एक अवगत होगा नया ।

8) यह वह विश्वास नहीं, जो अपनी लघुता में भी काँपा
वो पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा,
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुँधुआते कडुवे तम में
यह सदा-द्रवित, चिर-जागरूक, अनुरक्त-नेत्र
उल्लम्ब-बाहु, यह चिर-अखंड अपनापा ।

9) यदि इनका सुख सपना टूटे
काल इन्हें भी हम-सा लूटे
धैर्य बँधाएँ इनके उर को हम पथिकों की करुण कथाएँ ।
आओ हम पथ से हट जाएँ ।

10) आओ हम अपनी राह बनाएँ
अपनी गढ़ी प्रतिमाएँ
नावों में भरकर
सुदूर द्वीपों में ले जाएँ
शुरू करें नई यात्राएँ
क्योंकि मैंने सुना है
अब नदियाँ नहीं सूखेंगी । **(2×3=6)**

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए ।

11) चकवा चकवी का किस प्रकार का चित्रण नागार्जुन ने किया है ?

12) कबीर की भक्ति-संबंधी विचारधारा का परिचय दीजिए ।

13) 'प्रियतम' कविता में सच्चे भक्त का चित्रण कैसे हुआ है ?

14) 'बुनी हुई रस्सी' में जीवन की यथार्थता का चित्रण हुआ है । इस पर अपना विचार व्यक्त कीजिए ।

15) 'अब नदियाँ नहीं सूखेंगी' कविता में कवि का आशावादी स्वर कैसे मुखरित हुआ है ? **(3×3=9)**

VI. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

16) प्रेमचंद की कहानियों में वर्णित सामाजिक जीवन का परिचय दीजिए ।

17) हीरासिंह गाय बेचने के लिए विवश क्यों हुए ?

18) सूरदास की काव्यकला का परिचय दीजिए ।

19) 'यह दीप अकेला' में 'दीपक' किसका प्रतीक है ?

20) 'आओ, हम पथ से हट जाएँ' कविता में कवि ने क्या माँग की है ?

21) सोमा बुआ को चारित्रिक विशेषता क्या है ?

22) रामशरण पहाड़ी प्रदेशों में क्यों गया ?

23) कबीरदास के समाज सुधारक व्यक्तित्त्व की विशेषता क्या है ?

24) जोखू को गंदा पानी क्यों पीना पडा ?

25) प्रौढ़ शिक्षा का सन्देश क्या है ? (8×1=8)